25th March, 2026
CLE/HO/IMD/DIFLEX/2026

To
The Members of CLE

Sub:- **CLE's participation in the Dubai International Footwear and Leather Exhibition (DIFLEX 2026): December 8-10, 2026**

**About the Fair**

DIFLEX Dubai 2026, 6th Dubai International Exhibition on Footwear, Bags, Luggage, Accessories & Leather Products, offers Indian Exporters scalable opportunities for high quality buyer acquisition and direct engagement with the elite buyers of Middle East and the top selling 250 Brand owners from 20 Countries. Save the dates for an unforgettable business event which gathers who is who of industry from Middle East, Africa, CIS, Europe and Indian Subcontinent.

The surging retail spends in MENA to catalyse footwear and leather industry growth to nearly USD 28 billion. MENA retail market valued at over USD 800 billion, currently is growing at 7.12 %, and is poised to grow to USD 1,401.32 billion by 2032, thanks to the rising purchasing power and disposable income, coupled with increasing demand for the luxury products.

**DIFLEX Dubai 2026 -Major Highlights**

- 250 Brands/ Producers in showcase.
- 600+ Hosted Buyers
- 5000+ Buyers and Trade Visitors

Show website: www.diflexonline.com

**Display Products:**

Footwear (leather and non-leather), Leather Bags and Accessories, including Gloves, Leather Apparels/Garments

**CLE's participation**

CLE is regularly organizing participation of members in the Dubai International Footwear and Leather Exhibition (DIFLEX). In order to promote export of footwear and leather products to the Middle East Region, particularly to UAE, CLE is organizing participaton of members in the upcoming 6th edition of DIFLEX to be held during December 8-10, 2026.

**Participation Costs for CLE Members-** Considering the Cost of Space, Stand Construction, Display Accessories, and Registration and insurance charges etc, we are notifying the participation charges, as under:-

| **Category** | **Subsidized participation charges** | **Un-subsidized participation charges** |
|---|---|---|
| 9 sq. mtrs fully built-up stand | Rs. 1,27,404/- + GST | Rs. 3,37,404/- + GST |

Subsidized participation charges will be applicable for 9 sq. mtrs. space/booth. For extra space, participants may pay the charges @ Rs. 34,422/- + GST per sq. mtrs.

**Funding Support under EXPORT PROMOTION MISSION (EPM) - NIRYAT DISHA Scheme 2026-27**

We have submitted Online application to the Ministry of Commerce and Industry/DGFT, seeking funding support under EPM Scheme for financial year 2026-27, for organizing participation of members in the above said event. The application is under consideration of the Ministry.

***The above notified subsidized participation charges will be applicable subject to sanction of funding support by the Ministry. Otherwise, the un-subsidized participation charges will be applied. We may be able to know the status of funding support by 30th April, 2026***. Members are also eligible to claim Airfare reimbursement **(economy class airfare)** for participation in the fairs and BSMs organized by CLE, with funding support.

The above quoted charges are for a fully built-up stands with all required display accessories.

**The criteria/guidelines for participation in the events to be organized under EPM Scheme and guidelines for availing air-fare reimbursement is attached to this Circular. Members may thoroughly read the guidelines and act accordingly.**

**Visa**

Members have to arrange Visa for travelling to UAE/Dubai on their own. However, CLE will arrange for the Invitation Letters from the Organizer (2 Invitation Letters per participating company will be issued without any additional charges). **With regard to issue of visa invitation letters, participants may note the following: -**

- **CLE/Fair Organizer will issue visa invitation letter to a maximum of 3 persons per participating company.**
- **Representatives of the participating company (other than Directors/Partners/ Proprietor of the firm) has to submit copies of their salary certificate, appointment letter, PF No. etc.) to prove that the applicant is a regular employee of the company.**

Please note that non-issuance of Visa or any other reasons will not be considered as a valid reason for withdrawal subsequent to confirmation of participation. Hence, withdrawal from participation after confirmation will not be allowed and payment once deposited to CLE will

not be refunded for whatever reasons, until and unless the fair is cancelled by the organizer.

Keeping in view the above, members those who are interested to participate in the upcoming December, 2026 edition of the DIFLEX, may remit full and final participation fee, as notified above, to CLE's below given bank account and inform us the UTR details as early as possible so that we can confirm CLE's space requirement to the fair organizer accordingly: -

| | |
|---|---|
| Customer ID | 5219031810 |
| Account Title | COUNCIL FOR LEATHER EXPORTS |
| Account Number | 60003456780 |
| Account Activated date | 25/05/2023 |
| Account Type | SAVINGS ACCOUNT |
| Bank Name | IDFC FIRST Bank Limited |
| Branch Address | CHENNAI – NUNGAMBAKKAM BRANCH |
| Bank IFSC code | IDFB0080102 |

**Members can now pay the subsidized participation charges, as notified above. However, in the scenario of non-approval of the funding support, companies have to pay the balance charges in accordance with the un-subsidized participation fee.**

**It may please be noted that, MAI funding support will be offered for a maximum number of 35 Indian exhibitors hence participation will be confirmed, on first-come-first-served basis, on the basis of receipt of full and final participation fee in CLE's bank account. Once we receive participation fee from 35 companies, further applications will be accepted with un-subsidized fee @ Rs.3,37,404/- + GST.**

Members may confirm their participation to CLE by return mail, by sending the attached application form, duly filled-in.

Best regards,

R. Selvam, IAS
Executive Director
Council for Leather Exports

---

25 मार्च, 2026
सीएलई/मुख्य कार्यालय/आईएमडी/डाइफ्लेक्स/2026

सेवा में,

सीएलई के सदस्यगण

विषय : **दुबई इंटरनेशनल फुटवियर एवं चर्म प्रदर्शनी (डाइफ्लेक्स 2026) (08–10**

**<u>दिसंबर, 2026) में सीएलई की भागीदारी के संबंध में।</u>**

महोदय/महोदया,

**<u>मेले के बारे में :</u>**

डाइफ्लेक्स दुबई 2026, पादुका, बैग, लगेज, सहायक सामग्री एवं चर्म उत्पादों पर आधारित दुबई का छठा अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी आयोजन है, जो भारतीय निर्यातकों को उच्च गुणवत्ता वाले खरीदारों से जुड़ने तथा मध्य-पूर्व के प्रमुख खरीदारों एवं 20 देशों के शीर्ष 250 ब्रांड स्वामियों के साथ सीधे संवाद के व्यापक अवसर प्रदान करता है।यह एक प्रमुख व्यावसायिक आयोजन है, जिसमें मध्य-पूर्व, अफ्रीका, सीआईएस, यूरोप तथा भारतीय उपमहाद्वीप के उद्योग जगत के अग्रणी प्रतिभागी सम्मिलित होते हैं।

मेना क्षेत्र में बढ़ते खुदरा व्यय के कारण पादुका एवं चर्म उद्योग के लगभग यूएसडी 28 बिलियन तक पहुँचने की संभावना है। वर्तमान में यूएसडी 800 अरब से अधिक मूल्य वाला मेना खुदरा बाज़ार 7.12% की दर से बढ़ रहा है तथा बढ़ती क्रय शक्ति, उपभोग योग्य आय एवं लक्ज़री उत्पादों की बढ़ती मांग के कारण वर्ष 2032 तक यूएसडी 1,401.32 अरब तक पहुँचने का अनुमान है।

**डाइफ्लेक्स दुबई 2026 – प्रमुख विशेषताएँ :**

- 250 ब्रांड/उत्पादक प्रदर्शित होंगे
- 600+ होस्टेड खरीदार
- 5000+ खरीदार एवं व्यापारिक आगंतुक

वेबसाइट: www.diflexonline.com

**<u>प्रदर्शित उत्पाद :</u>**पादुका (चर्म एवं गैर-चर्म),चर्म बैग एवं सहायक सामग्री, दस्तानों सहित, चर्म परिधान

**<u>सीएलई की भागीदारी :</u>**

सीएलई नियमित रूप से दुबई इंटरनेशनल फुटवियर एवं चर्म प्रदर्शनी (डाइफ्लेक्स) में सदस्यों की भागीदारी का आयोजन करता रहा है। मध्य-पूर्व क्षेत्र, विशेष रूप से यूएई में पादुका एवं चर्म उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, सीएलई द्वारा 08-10 दिसंबर, 2026 के दौरान आयोजित होने वाले डाइफ्लेक्स के 6वें संस्करण में सदस्यों की भागीदारी का आयोजन किया जा रहा है।

**<u>सीएलई सदस्यों के लिए सहभागिता शुल्क</u>**: स्थान किराया, स्टॉल निर्माण, प्रदर्शन सामग्री, पंजीकरण एवं बीमा शुल्क आदि व्ययों को ध्यान में रखते हुए सहभागिता शुल्क निम्नानुसार निर्धारित किए गए हैं:-

| श्रेणी | रियायती भागीदारी शुल्क | गैर सब्सिडी के भागीदारी शुल्क |
|---|---|---|
| 9 वर्ग मीटर का पूरी तरह से निर्मित स्टैंड | रु. 1,27,404/- + जीएसटी | रु. 3,37,404/- + जीएसटी |

रियायती सहभागिता शुल्क 9 वर्ग मीटर के स्टॉल/स्थान के लिए लागू होगा। अतिरिक्त स्थान के लिए प्रतिभागियों को ₹34,422/- + जीएसटी प्रति वर्ग मीटर की दर से शुल्क देना होगा।

**<u>निर्यात प्रोत्साहन मिशन (ईपीएम) – 'निर्यात दिशा' योजना 2026-27 के अंतर्गत वित्तीय सहायता :</u>**

उपर्युक्त आयोजन में सदस्यों की भागीदारी हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय / विदेश व्यापार महानिदेशालय को ईपीएम योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जो वर्तमान में मंत्रालय के विचाराधीन है।.

***<u>अधिसूचित रियायती सहभागिता शुल्क मंत्रालय द्वारा वित्तीय सहायता स्वीकृत होने की स्थिति में ही लागू होंगे। अन्यथा, गैर-रियायती शुल्क लागू किए जाएंगे। वित्तीय सहायता की स्थिति 30 अप्रैल, 2026 तक ज्ञात होने की संभावना है।</u>*** सदस्यगण सीएलई द्वारा आयोजित मेलों एवं बीएसएमस में भागीदारी हेतु विमान किराया **(इकोनॉमी क्लास)** की प्रतिपूर्ति का लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं (वित्तीय सहायता स्वीकृत होने पर)।

उपरोक्त शुल्क में पूर्ण रूप से निर्मित स्टॉल तथा आवश्यक प्रदर्शन सामग्री शामिल है।

**ईपीएम योजना के अंतर्गत आयोजनों में भागीदारी हेतु पात्रता/दिशानिर्देश एवं विमान किराया प्रतिपूर्ति से संबंधित दिशा-निर्देश इस परिपत्र के साथ संलग्न हैं। सदस्यगण से अनुरोध है कि वे इन्हें ध्यानपूर्वक पढ़कर आवश्यक कार्रवाई करें।**

**<u>वीज़ा :</u>**

सदस्यों को यूएई/दुबई यात्रा हेतु वीज़ा स्वयं प्राप्त करना होगा। तथापि, सीएलई द्वारा आयोजकों से आमंत्रण पत्र की व्यवस्था की जाएगी (प्रत्येक प्रतिभागी कंपनी को बिना अतिरिक्त शुल्क 2 आमंत्रण पत्र प्रदान किए जाएंगे)।**<u>वीज़ा आमंत्रण पत्र के संबंध में कृपया निम्नलिखित बिंदुओं का ध्यान रखें :</u>**

- **सीएलई/आयोजक द्वारा प्रत्येक प्रतिभागी कंपनी के <u>अधिकतम 3 प्रतिनिधियों</u> के लिए वीज़ा आमंत्रण पत्र जारी किया जाएगा।**

- **प्रतिभागी कंपनी के प्रतिनिधियों (निदेशक/भागीदार/स्वामी के अतिरिक्त) को यह प्रमाणित करने हेतु कि वे कंपनी के नियमित कर्मचारी हैं, वेतन प्रमाणपत्र, नियुक्ति पत्र, पीएफ नंबर आदि की प्रतियाँ प्रस्तुत करनी होंगी।**

कृपया ध्यान दें कि वीज़ा जारी न होने अथवा किसी अन्य कारण को सहभागिता की पुष्टि के पश्चात भागीदारी से हटने का वैध कारण नहीं माना जाएगा। अतः पुष्टि के बाद भागीदारी से हटने की अनुमति नहीं होगी तथा सीएलई को जमा की गई राशि किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं की जाएगी, जब तक कि मेला आयोजकों द्वारा रद्द न कर दिया जाए।

उपरोक्त के संदर्भ में, जो सदस्य दिसंबर, 2026 में आयोजित होने वाले डाइफ्लेक्स में भाग लेने के इच्छुक हैं, वे अधिसूचित पूर्ण एवं अंतिम सहभागिता शुल्क सीएलई के नीचे दिए गए बैंक खाते में जमा करें तथा यूटीआर विवरण यथाशीघ्र सूचित करें, ताकि सीएलई द्वारा मेले के आयोजकों को आवश्यक स्थान की पुष्टि की जा सके:-

| | |
|---|---|
| ग्राहक आईडी | 5219031810 |
| खाते का शीर्षक | कॉउन्सिल फॉर लेदर एक्सपोर्ट्स |
| खाता संख्या | **60003456780** |
| खाता सक्रियण तिथि | 25/05/2023 |
| खाता प्रकार | बचत खाता |
| बैंक का नाम | आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड |
| शाखा का पता | चेन्नई - नुंगमबक्कम शाखा |
| बैंक का आईएफएससी कोड | IDFB0080102 |

**सदस्य अब उपर्युक्त अधिसूचित रियायती सहभागिता शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। तथापि, यदि वित्तीय सहायता स्वीकृत नहीं होती है, तो संबंधित कंपनियों को गैर-रियायती सहभागिता शुल्क के अनुसार शेष राशि का भुगतान करना होगा।**

**कृपया यह भी ध्यान दें कि <u>एमएआई के अंतर्गत वित्तीय सहायता अधिकतम 35 भारतीय प्रदर्शकों तक ही उपलब्ध होगी, अतः सहभागिता की पुष्टि पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर, सीएलई के बैंक खाते में पूर्ण एवं अंतिम सहभागिता शुल्क प्राप्त होने के अनुसार की जाएगी</u>। 35 कंपनियों से शुल्क प्राप्त होने के पश्चात, आगे प्राप्त होने वाले आवेदन ₹3,37,404/- + जीएसटी (गैर-रियायती शुल्क) के आधार पर स्वीकार किए जाएंगे।**

सदस्यगण कृपया संलग्न आवेदन-पत्र को विधिवत भरकर ईमेल द्वारा सीएलई को प्रेषित करते हुए अपनी सहभागिता की पुष्टि करें।

सादर,

आर. सेल्वम, भा.प्र.से.

कार्यकारी निदेशक
चर्म निर्यात परिषद